तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025


12 पीएमश्री स्कूल संबलपुर में हुआ 10 दिवसीय समर कैंप का ...


11 जल संरक्षण में देश में तीसरे स्थान पर बालोद...



## खबर संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में आए युवक की इलाज के दौरान मौत



**डौंडीलोहारा।** जगदलपुर में काम करने के दौरान हाईटेंशन तार करंट के संपर्क में आने से घायल हुए डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम भेड़ी निवासी वेदप्रकाश राणा (23 वर्ष) की मौत रायपुर के अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम भेड़ी के चार युवक काम करने हेतु जगदलपुर गए थे, वहां वेद प्रकाश लोहे के एंगल को चार मंजिला इमारत से उतारने के दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है, घटना के बाद जगदलपुर से एंबुलेंस के माध्यम से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार शाम 6 बजे मौत हो गई। हाई वोल्टेज करंट से झुलसने के बाद वेद प्रकाश का शरीर बुरी तरह झुलस गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत जगदलपुर से रायपुर रेफर किया गया। रायपुर में दो दिन तक इलाज जारी रहा।

**घर का इकलौता बेटा था वेद प्रकाशः** पोस्टमार्टम के बाद वेद प्रकाश का शव सोमवार शाम 4 बजे गांव लाया गया। शाम 5 बजे के गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वेद प्रकाश राणा अपने माता-पिता के इकलौता पुत्र था। जानकारी मिली है कि पहले भी इनके एक पुत्र निधन हो चुका है, रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले माता-पिता पर अब दुख का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं गांव में शोक का माहौल है।

### पिकअप और बाइक की टक्कर, दो घायल

**बालोद।** ग्राम चिचबोड़ परसदा के बीच पुल के आगे पिकअप और बाईक की टक्कर से एवन कुमार साहू एवं रूपेन्द्र कुमार साहू घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इस वजह से हादसा हुआ। ग्राम परसदा निवासी घासीराम साहू ने बताया कि 29 मई को रात 8 बजे ग्राम चिचबोड़ से एवन और रूपेन्द्र बाईक मे ग्राम परसदा जा रहे थे। इस दौरान पुल के आगे ग्राम चिचबोड़ की ओर से आ रही पिकअप चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसके बाद पिकअप से बाईक टकरा गया। जिससे सिर, चेहरे मे चोट लगने पर धमतरी के अस्पताल मे दोनो युवको को भर्ती कराए। जिसके बाद रनचिरई थाने मे पिकअप चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### खेत में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**गुरूर।** ग्राम खुंदनी मे मंगलवार सुबह ग्राम के एक खेत मे स्थित पेड़ मे प्लास्टिक रस्सी से फंदे पर लटका बुजुर्ग का शव मिला जिससे ग्राम मे हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खुंदनी मे किसान अपने खेत मे काम करने खेतो की तरह गए थे जहां खेत देखने जा रहे एक किसान को अचानक फंदे मे लटका शव दिखा जिसके बाद ग्रामीणो को जानकारी देने के बाद ग्रामीणो को पता चला कि फंदे मे लटका व्यक्ति ग्राम खुंदनी निवासी मोलीलाल यादव (57) है। जो प्लाटिस्क की रस्सी का फंदा बनाकर किसी दूसरे के खेत मे स्थित पेड़ मे फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जिसके बाद ग्रामीणो द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फंदे से उताया गया तथा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच आरंभ कर दी गई है। बुजुर्ग ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

# बेमौसम बारिश से उड़द-मूंग की फसल तबाह, किसानों को भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के कई ग्रामो मे जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन में दलहन, तिलहन, उड़द मूंग की फसल लगाई गई थी, किंतु पिछले दिनों लगातार बे मौसम बारिश के चलते किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपको बता दें कि तहसील मुख्यालय गुरुर रेड जोन की श्रेणी में है, जिसके चलते पेयजल की समस्या तो देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी में धान की जगह अन्य दलहन, तिलहन, उड़द, मूंग की फसल लगाने के लिए प्रेरित किया गया था, जिससे किसानों ने उड़द, मूंग की फसल लगाए थे किंतु पिछले दिनों हुए बेमौसम बारिश से किसानों की फसल खराब हो गई, जिससे किसानों द्वारा लगाई गई लागत भी प्राप्त नहीं हो सकी।

**रेड जोन क्षेत्र में दलहन-तिलहन की खेती को प्रोत्साहन, लेकिन मौसम ने बिगाड़ा गणित**

#### विधायक संगीता ने सीएम साय को दी मामले की जानकारी

किसानों के हितों के लिए क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जानकारी दी है, उन्होंने शासन से किसानों को फसल क्षति की मुआवजा देने की मांग की है। तो वही किसानों ने जानकारी दी कि बची हुई फसल की कटाई की जा रही है, किंतु फसलों में लगा हुआ फल गिरने लगा है। जिसके चलते हम किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, किसानों ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

#### बारिश के चलते खराब हुई फसलः किसान

क्षेत्र के किसान बताते हैं कि बारिश होने से उड़द मूंग की फसल खराब हो गई है क्योंकि जैसे तैसे कटाई का कार्य किया गया था किंतु बारिश होने से बीजों में अंकुरण आ गया तो वहीं अधिकांश बीच खराब होने के आशंका है, किसानों ने शासन प्रशासन से क्षतिपूर्ति की राशि की मांग की है। कृषि विभाग द्वारा जानकारी अनुसार ब्लॉक मुख्यालय में 1661 हेक्टेयर में किसानों द्वारा उड़द की खेती लगाई गई है, तो वहीं 342 हेक्टेयर में मूंग की फसल लगाई गई थी।

**जायजा : स्टेक में अंकुरित हो रहे धान, पानी में भीगने से हजारों क्विंटल के खराब होने का खतरा**

# विधायक के औचक निरीक्षण से धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र में लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा द्वारा क्षेत्र के धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे संग्रहण केन्द्र द्वारा धान के रख रखाव मे बरती जा रही लापरवाही की पोल खुल गई जिसके तहत कई धान मे पानी मे भीगने के कारण अंकुरण आने की बात भी सामने आई जिसके बाद विधायक संगीता सिन्हा ने इसे घोर लापरवाही बताया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने धान के बोरों मे आए जरई जो की पौधे बन गए थे, उन्हें अपने हाथो मे रखकर अधिकारियो को उनके द्वारा बरती जा रही लापरवाही का जीता जागता सबूत दिखाया। जिसे देख अधिकारी कर्मचारी पानी पानी हो गए तथा विधायक के इस सवाल का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

#### पानी में भिगने से आ रहा अंकुरण : विधायक

वही विधायक संगीता सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान देखा कि धोबनपुरी के संग्रहण केन्द्र मे कई धान के स्टेक में अंकुरण आ चुका है जिससे बोरे से ही अंकुरण होकर बाहर निकल रहे है, इसमे विधायक संगीता सिन्हा द्वारा कहा गया कि धान के स्टेक के ऊपरी भाग के बोरो मे इतनी मात्र मे पानी मे भिगने से अंकुरण आ गया ▶▶| शेष पेज 11 पर

**किसानों की मेहनत हो रही बर्बाद, अधिकारियों की घोर लापरवाही: विधायक**





#### प्रशासन की घोर लापरवाही उजागर

विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानो के द्वारा कड़ी मेहनत करके इन फसलो को उगाया जाता है ताकि यह किसी की भूख मिटाने का काम आए लेकिन सरकार के साथ यहां के अधिकारी कर्मचारी द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण यहां रखे हजारो क्विंटल धान बेमौशम बारिश मे सही रखरखाव नही होने के कारण खराब हो रहे है। जो शासन प्रशासन की घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

#### विधायक ने ली अधिकारियों की क्लास

मंगलवार को धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र मे उस वक्त हड़कंप मच गया जब क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा औचक निरीक्षण के तहत धान संग्रहण केन्द्र मे रखे धान के सही रख रखाव के संबंध मे अचानक से निरीक्षण करने पहुंच गई। जैसे ही विधायक संगीता सिन्हा को धान संग्रहण केन्द्र मे निरीक्षण के तहत सभी स्टेको के पास जाकर स्टॉक में रखे धान की सही ढ़काई व रख रखाव के संबंध मे विधायक स्वयं पैदल चलकर देख रही थी। विधायक के संग्रहण केन्द्र मे पैदल निरीक्षण करने के दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान विधायक द्वारा गिनाये जा रहे कमीयो को बहाने बाजी कर छुपाने की कोशिश मे लग गए लेकिन विधायक संगीता सिन्हा पूरे सबूत के साथ अधिकारियो कर्मचारियो की क्लास लेती दिखी।

#### खराब होने की स्थिति में हजारो क्विंटल धान

बताया गया कि धोबनपुरी संग्रहण केन्द्र मे लगभग 6 लाख 75 हजार क्विंटल धान संग्रहण कर रखा हुआ था जिसमे से अब तक मात्र 1 लाख क्विंटल धान का उठाव ही हो पाया है। वही वर्तमान मे अभी 5 लाख 75 हजार क्विंटल धान संग्रहित कर रखा होना बताया गया। ऐसे मे विधायक संगीता सिन्हा ने सवाल उठाए कि वर्तमान मे किसान नए फसल की तैयारी कर रहे है साथ ही सरकार द्वारा अगले 4 माह मे फिर से धान की खरीदी की जाने वाली है ऐसे मे जब एक साल मे मात्र 1 लाख क्विंटल का ही उठाव हो पाया है तो क्या 5 लाख 75 हजार को 4 माह मे उठा लिया जाएगा। इसमे सरकार के साथ अधिकारियो व कर्मचारियो की घोर लापरवाही नजर आती है जिसके कारण संग्रहण केन्द्रो मे रखे धान सड़ रहे है या तो पानी मे भिगने के कारण उनमे अंकुरण आ जा रहा है। जिससे हजारो क्विंटल धान के खराब होने की स्थिति मे है।

# किराना दुकान में सेंधमारी गल्ले से 2.70 लाख नकद पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगहन चौक के एक किराना दुकान से रातो रात चोरो ने 2.70 लाख रूपये की चोरी कर ली। चोरी की वारदात को अंजाम देते युवक सीसीटीवी मे कैद हुए है।

■ नकाबपोश चोरों की हरकत सीसीटीवी में कैद, दुकान का शटर उखाड़ कर वारदात को अंजाम

मिली जानकारी के अनुसार बोरगहर चौक निवासी विरेन्द्र कुमार चन्द्राकर का बोरगहन चौक मे वैष्णवी किराना एवं जनरल स्टोर्स के साथ चन्द्राकर ट्रेडर्स की दुकान स्थित है। जहां वे रात को दुकान बंद कर दुकान से लगे घर मे चले गए लेकिन सुबह जब वे दुकान खोलने के लिए आए तो उन्होने अपने दुकान का शटर टूटा हुआ पाया। जिसके बाद जब वे दुकान के अंदर प्रवेश किये तथा गल्ले की जांच किये तो गल्ले से 2.70 लाख रूपये गायब मिले। जिसके बाद उन्होने दुकान मे लगे सीसीटीवी की जांच की जिसमे उन्होने पाया कि दो नकाबपोश चोर रात के अंधेरे मे मोटे राड के माध्यम से दुकान की शहर को उठाने का प्रयास करते दिख रहे है तथा मुंह ढ़ककर दुकान के अंदर प्रवेश कर गल्ले मे रखे 2.70 लाख की चोरी करते दिख रहे है। जिसके बाद उन्होने पुलिस थाने मे रिपोर्ट लिखाई।

# हत्या-बलि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** ग्राम सिर्राभांठा के ग्रामीणो द्वारा ग्राम मे घटित हत्या/बलि प्रकरण के संबंध मे निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच करने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण एवं आदिवासी समाज ग्राम सिर्राभांठा यह मांग करता है कि 26 मई को पुनित राम ठाकुर को तिहारू राम निशाद आत्मज अमरू निशाद निवासी ग्राम सिर्राभांठा अपने घर मे बुलाकर पूजा पाठ करके हत्या कर दी गई। जिसमें तिहारू राम निशाद, धनेश्वरी निशाद, अजीत मंडावी ग्राम सुरडोंगर, कमलेश निशाद ग्राम कमरौद, चतुर निशाद ग्राम काड़े डौण्डी सभी ने मिलकर पुनित राम ठाकुर की बलि/हत्या कर दिया। इसलिए हत्यारो पर निष्पक्ष जांच कर दोशियो पर कड़ी कार्रवाई की जावे। यदि हत्यारों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



■ सिर्राभांठा ग्राम में युवक की हत्या को लेकर जन आक्रोश

# बालोद में शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में युक्तियुक्तिकरण के तहत चिन्हांकित अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। इसके अंतर्गत शिक्षकों को रिक्त पदों की जानकारी प्रदान करने हेतु जिला पंचायत सभाकक्ष में बनाए गए शिक्षकों के पंजीयन कक्ष के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में काउंसलिंग हेतु निर्धारित स्थल में प्रोजेक्टर के माध्यम से रिक्त शालाओं की जानकारी निरंतर प्रदर्शित की गई।

■ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने दी शुभकामनाएं, शिक्षकों को सौंपे गए आदेश पत्र

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिला पंचायत कार्यालय में पहुंचकर काउंसलिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरा करने वाले कुछ शिक्षक–शिक्षिकाओं को आदेश पत्र सौंप कर ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### पदस्थापना आदेश पत्र भी दिया

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे ने बताया कि काउंसलिंग के दूसरे दिन 03 जून को जिले में ई एवं टी संवर्ग के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों एवं सहायक शिक्षकों का काउंसिलिंग किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत ई संवर्ग प्राथमिक शाला के कुल 13 प्रधान पाठकों एवं 191 सहायक शिक्षकों तथा टी संवर्ग के प्राथमिक शाला के कुल 02 प्रधान पाठकों एवं 69 सहायक शिक्षकों का काउंसलिंग किया गया। कोसरे ने बताया कि काउंसलिंग के उपरांत प्रत्येक शिक्षक–शिक्षिकाओं को संबंधित शालाओं के पदस्थापना के संबंध में आदेश पत्र भी प्रदान किया गया।



### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त चालक हुआ फरार

**बालोद।** गुण्डरदेही मे बस स्टैण्ड के पास ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा कि कार मे सवार ड्राईवर सहित 4 लोग सुरक्षित है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरमरीकला निवासी भुवनेश्वर कुमार साहू ने बताया कि रविवार को अरमरीकला से कार मे बड़े भाई जितेन्द्र कुमार साहू और गांव के दो लोगो के साथ गुण्डरदेही जा रहे थे। इस दौरान सुबह 7:10 बजे बस स्टैण्ड के पास ट्रक चालक ने पीछे से ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक बेवजह विवाद करने लगा। जिसके बाद वह फरार हो गया। ट्रक की टक्कर से कार का बोनट क्षतिग्रस्त हुआ है। गुण्डरदेही थाने मे ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# डौंडीलोहारा की दो बेटियां बनीं मुमुक्षु, बीकानेर में आज लेंगी दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की दो बेटियों नेहा डोसी व साक्षी भन्साली का आज 4 जून को राजस्थान के बीकानेर में दीक्षा होना निश्चित है इस हेतु दोनों ही मुमुक्षु बहने पारिवारिक व सामाजिक जनों के साथ बीकानेर में है। मंगलवार को दोनों ही मुमुक्षु बहनों का भव्य वरघोड़ा का कार्यक्रम बीकानेर में सम्पन्न हुआ।

■ भव्य वरघोड़ा और 'ओगा बंधाई' की विधि ने दी धार्मिक माहौल को विशेष गरिमा

भव्य बग्घी में पारिवारिक जनों के साथ विराजमान दोनों ही बहने उपस्थित लोगों का अभिवादन कर रही थी व सांसारिक जीवन में हुए जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना भी कर रही थी।दोनों ही मुमुक्षु बहनों व उनके पारिवारिक जनों का अभिनंदन बीकानेर के संघ समाज व अन्य स्थानों से आए हुए समाज के लोगों ने किया।विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को दोपहर ओगा बंधाई का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।दोनों ही बहनो ने संयम जीवन के अभिन्न उपकरण ओगा को विधिवत साधु मर्यादा के अनुसार बांधा।यह ओगा जीवन पर्यंत साधु साध्वियों के हाथ में रहता है।इस ओगे के बिना वे दो कदम भी आगे नही बढ़ सकते।यह ओगा जीव रक्षा के उपकरण का कार्य करता है किसी भी छोटे जीव कीड़े मकोड़े चींटी आदि की विराधना न हो।इस ओगे से ही जीवों को सावधानी से हटाते है।ओगा बंधाई के अवसर पर उपस्थित जनों ने मंगल गीत व दीक्षा गीत भी गाए।ओगा बंधाई के बाद मुमुक्षुओं के चेहरे का हर्ष देखते ही बनता था मानो उन्हें पूरे दुनिया जहान की खुशी मिल गई हो।पूरा वातावरण हर्ष हर्ष जय जय के नारों से गूंज उठा। 4 जून को सुबह छ बजे जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी ▶▶| शेष पेज 11 पर





**आधुनिकता ने छीना पुश्तैनी पेशा, कभी गांव की शान रहे, अब रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे लोहार**

# लोहारों की गूंज हो रही शांतः दल्लीराजहरा में विलुप्ति की कगार पर पारंपरिक लोहार कला

दीपक मितल ▶▶| दल्लीराजहरा

औद्योगिकीकरण और आधुनिक मशीनों के इस युग में दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों से एक पारंपरिक पेशे की धीमी विदाई हो रही है। कभी गांव-गांव में हथौड़े की टनटनाहट से गूंजने वाली लोहारों की बस्तियाँ अब खामोश होती जा रही हैं। शहर में अब शायद ही कोई लोहार दिखाई देता है। यह परंपरागत पेशा अब विलुप्ति की कगार पर है। लोहार न केवल कृषि यंत्रों के निर्माता रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी। हल, फावड़ा, कुदाल, कुल्हाड़ी से लेकर घोड़े की नाल तक – सब कुछ इन कुशल हाथों की देन थी। आज जब स्टील के रेडीमेड औज़ार बाज़ार में आ गए हैं, तो पारंपरिक लोहारों की मांग घटती जा रही है।





#### लोहार प्रजाति के लोगों ने जनता से की अपील

दल्लीराजहरा की जनता से भी अपील है कि वे स्थानीय कारीगरों और पारंपरिक हुनर को प्रोत्साहित करें। जब हम अपने स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को अपनाएंगे, तभी हमारी संस्कृति और विरासत जीवित रह पाएगी,, दल्लीराजहरा शहर के लोहार रामेश्वर, शत्रुघ्न ने बताया कि अब लोहार के नाम पर कार्य नहीं रह गया है आधुनिक और नई टेक्नोलॉजी की वजह से हमारा व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया है अब रोजी-रोटी के लिए भी समस्या होने लगी है।

#### नई पीढ़ी ने छोड़ा पुश्तैनी काम

अफसोसजनक बात यह है कि लोहार समाज की नई पीढ़ी अब इस पेशे से दूरी बना रही है। रोजगार की कमी, मेहनत का उचित मोल न मिलना और सामाजिक उपेक्षा के चलते युवा वर्ग अब अन्य कार्यों की ओर रुख कर रहा है।

#### संरक्षण की आवश्यकता

यदि समय रहते इस पारंपरिक कला को संरक्षित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में लोहार केवल किताबों और संग्रहालयों में ही दिखाई देंगे। सरकार व स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे लोहार समाज के लिए विशेष प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और आधुनिक उपकरणों की सुविधा देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें।

## खबर संक्षेप

### विधायक निधि से बनेगा अतिरिक्त कक्ष

**दुर्ग।** परगना ढीमर समाज के भवन में विधायक निधि से अतिरिक्त कक्ष बना गया है। जिसका आज विधायक गजेन्द्र यादव ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ लोकार्पण किये। विधायक गजेन्द्र से समाज के नागरिकों ने वार्ड भ्रमण के दौरान मांग किये थे, जो सिर्फ छह माह में पूरी हो गई। इस दौरान उपस्थितजनों को विधायक गजेन्द्र ने समाज के विकास हेतु शासन द्वारा उनके उत्थान हेतु कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने जानकारी दिए। विधायक ने कहा समाज का भवन उनके आर्थिक, सामाजिक एवं जनचेतना का केन्द्र होता है। भवन में शादी ब्याह, सामाजिक एवं सुख दुख के सभी प्रकार के आयोजन होंगे। उन्होंने समाज के युवक युवतियों से शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़ने प्रेरित किये। ढीमर समाज के पदाधिकारी द्वारा किये गए मांग सिर्फ छह माह में पूरी होने पर उन्होंने जोरदार स्वागत किये और सरकार का आभार जताये। समाज के विकास को लेकर चर्चा किये। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दासु ढीमर, राजकुमार ढीमर, जगमोहन ढीमर, दिलीप ढीमर, कमलेश फेकर, टूमन ढीमर, महेश सार्वा, किशोर अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों और महिलाओं को मिलेगा बेहतर पोषण



**दुर्ग।** विकास खण्ड के सिरसा खुर्द वार्ड क्रमांक 9 में नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि प्रेमसागर चतुर्वेदी, दुर्ग जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र यादव, परियोजना अधिकारी उषा झा, जनपद सदस्य संतोष निषाद एवं रजनी साहू, लक्ष्मी कुंभकार, ग्राम पंचायत सिरसा खुर्द की सरपंच भुवनेश्वरी कुर्रे, जिला कार्यकारिणी सदस्य सच्चिन राजपूत एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक ममता साहू उपस्थिति रही। मुख्य आतिथ्य ने कहा, नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र से क्षेत्र के बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# हितग्राहियों के परिवार को काम, बाकी जॉब कार्डधारी कहां जाएं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के सामान्य सभा में कांग्रेस सदस्यों ने सत्तापक्ष को कटघरे में खडे कर दिया। सभा में मनरेगा के तहत काम नही मिलने का मामला गर्माया रहा, सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा, पीएम आवास के हितग्राहियों के परिवार को रोजगार मिल रहा है तो शेष जाब कार्डधारी परिवार कहां रोजगार के लिए जाएंगे, इसके आलावा जल जीवन मिशन और धान उठाव नही होने का मुद्दा भी सभा में गर्माया रहा।

सदस्यों ने मनरेगा के कार्यों में मानव दिवस सृजन का लक्ष्य बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि, मनरेगा में सभी जाब कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रोजगार मिलना चाहिए। जबकि अधिकांश मनरेगा मजदूरों रोजगार ही नहीं मिल रहा है। जिन्हें रोजगार उपलब्ध कराने मानव दिवस बढ़ाने का प्रस्ताव लिया गया। विधायक प्रतिनिधि आशोक साहू ने धान संग्रहण केन्द्र में भंडारण व उठाव की जानकारी मांगी। लेकिन जिम्मेदार अफसर गायब रहे, जबकि उपस्थित कर्मचारी जवाब ने दे पाए। उन्होंने पीएचई द्वारा पाइप लाइन डालने सड़क किनारे खोदे गए गड्ढो को सही ढंग से नहीं भरने का मुद्दा उठाया, वहीं ग्राम भनसुली में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम निर्माण की गुणवत्ता सही नहीं होने व निर्माण हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जाहिर किया।

## सामान्य सभा में मनरेगा, जल जीवन मिशन और धान के मुद्दे में घिरे अफसर

### भाजपा सदस्य ने कहा मीडिया से दूरी ठीक नहीं

भाजपा के सदस्य जितेन्द्र यादव ने सदन में मीडिया से दूरी के मुद्दे पर भी नाराजगी जताई। उन्होने कहा सामान्य सभा में मीडिया के प्रवेश को रोकना गलत है। गौरतलब है कि, कांग्रेस के सत्ता में सामान्य सभा के दौरान मीडियों को प्रवेश की अनुमति थी। कांग्रेस सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा, उनके जिला पंचायत क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कन्हारपुरी-जाताधर्रा मार्ग निर्माण का भूमि पूजन हुआ। इसमें क्षेत्र का जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद उन्हें नहीं बुलाया गया। इस पर विभागीय अधिकारी ने भविष्य में ऐसा नहीं होने की बात कही, उन्होंने क्षेत्र के एक गैस एजेंसी द्वारा गांवों तक सिलेंडर नहीं ले जाने की शिकायत करते मामले में कार्रवाई का मुद्दा उठाया।




### पंचायत सचिवों के तबादले पर मचा रहा बवाल

दानेश्वर ने धमधा क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक पंचायत सचिवों का अच्छा काम के बाद भी बिना शिकायत स्थानांतरण कर दिए जाने का मामला उठाया, जिस पर जमकर बवा मचा रहा। इस पर जिला पंचायत के अधिकारी ने कहा कि, जनपद के प्रस्ताव के आधार पर यह किया गया। श्री साहू ने इस पर प्रस्ताव की कापी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग द्वारा दर्जनो नवीन प्वाइंट पर गर्मी गुजर जाने के बावजूद बोर खनन नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिकारी ने कहा कि विभाग के पास जीआई केसिंग पाइप नहीं होना कहा। कहा ऊपर से अनुमोदन नही मिला, जिसके चलते बोर खुदाई नही हुई। नाराज सदस्यों ने ठेकेदारों को जिला पंचायत के अनुमोदन पर ही भुगतान करने की बात कही। श्री साहू ने पीएचई के ईई की अनुपस्थिति व उचित जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताते कार्रवाई किए जाने मांग की, वहीं सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने पीएम आवास में निर्माण की राशि बढ़ाकर तीन लाख करने मांग की हैं।

## सभा : संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए कांग्रेसी, राजीव भवन में हुई सभा

# भूपेश ने कहा- कांग्रेस भवन में घुसकर उपद्रव, फिर भी नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर बरसे। दुर्ग के राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस, दुर्ग शहर कांग्रेस, भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संविधान बचाव रैली में जिलेभर के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता वह जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होने पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कई सवाल भी किए। रैली राजीव भवन से पांच कंडिल, मोती कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड होते हुए हिंदी भवन के सामने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली समाप्त हुई।

भूपेश बघेल ने कहा कि, झीरमघाटी के घटना के दौरान उनके साथ भाजपा कार्यालय के सामने युवा कांग्रेस प्रदर्शन कर रही थी, उस दौरान 11 से अधिक लोगों के उपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दिया, जबकि हाल ही में भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में घुसकर कुर्सी तोडफोड और जमकर उपद्रव किए, इसके बाद भी उन पर कोई कार्यवाही नही की गई। उन्होने कहा नेताओं के इशारे पर कानून चलेगी क्या।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जिनका देश की आजादी प्रदेश के निर्माण में कोई योगदान नहीं वह संविधान बदलने की बात करते हैं। केंद्र में बैठी सरकार जनता के विपरीत कार्य कर रही है, संविधान के विपरीत कार्य कर रही है। संविधान के तीन अंग विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका है, इनको निष्पक्षता से कार्य करने की आजादी देश का संविधान देता है, लेकिन भाजपा सरकार लोकसभा में विपक्ष के सांसदों को विधायकों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राज्यसभा में प्रतिपक्ष नेता मल्लिका अर्जुन खडगे के बोलने पर म्यूट कर दिया जाता है। राहुल गांधी बोलते हैं तो उनकी बातों को लिपिबद्ध नहीं किया जाता है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अयुब खान सहित अन्य वरिष्ठ नेता व प्रतिमा चंद्राकर, शंकर लाल ताम्रकार, बदरुद्दीन कुरैशी, धर्मेंद्र यादव, आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, जितेंद्र साहू, दीपक दुबे, धीरज बाकलीवाल, अश्वनी साहू, राजेश यादव , मदन जैन, राजकुमार नारायणी, बृजमोहन सिंह सहित अन्य थे।

### शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी प्रतिमा पर रैली हुई समाप्त




### छापे में कुछ भी नहीं मिला ईडी का गलत उपयोग

श्री बघेल ने कहा केंद्र सरकार सरकारी तंत्रों का ईडी सीबीआई आईटी जैसी संस्था का दुरुपयोग कर रही है, उन्होंने कहा कांग्रेस के नेताओं पर मुझ पर और देवेंद्र यादव वन्य कार्यकर्ताओं पर सैकड़ो छापे मारे ना मेरे यहां कुछ मिला ना देवेंद्र यादव के यहां न अन्य कांग्रेसी के यहां। इन्हें मालूम नहीं हम महात्मा गांधी के मानने वाले हैं, जो पहले अंग्रेजों से लड़ने में नहीं डरे तो हम अब इनसे क्या डरेंगे। प्रदेश में शिक्षकों का पद समाप्त किया जा रहा है। स्कूल बंद कर रहे, नए रोजगार बंद और बेरोजगारी बढ रही है। भाजपा के शासन से किसान, व्यापारी, छात्र आमजन सभी वर्ग परेशान है।



### संविधान बदले जाने का विरोध करेगी कांग्रेस

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा देश को मोदी और अमित शाह अपने मुताबिक चलना चाह रहे हैं, ये निर्वाचन आयोग से लेकर सभी प्रमुख एजेंसी की नियुक्ति खुद करते हैं। देश के ज्यादातर दलों ने मतपत्र से चुनाव की मांग की गई तो भी ईव्हीएम से ही चुनाव करते है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार अपने और अपने उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने कानूनी नियम बदल देती है। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, उद्योगपतियों को खनिज खदान देने के लिए हसदेव के जंगलों की कटाई शुरू कर देते हैं। विरोध करने पर जेल में डाल देती है। मनरेगा को षड्यंत्रपूर्वक बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर संविधान से छेड़छाड़ करेंगे तो कांग्रेस विरोध करेगी।

# उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों की पड़ताल, देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में कार्यरत सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की पडताल की जाएगी। उन्हें संबंधित पुलिस थाने में जानकारी देने के निर्देश दिए गए है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी।

- विशेष शाखा में संस्थानों को देनी होगी सूचना

जिले में बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थान है तथा भिलाई स्टील संयंत्र जैसा सामरिक एवं राष्ट्रीय महत्व का सार्वजनिक उपक्रम है इसके अलवा संवेदनशील कार्यो से जुड़े अनेक उपक्रम है जो रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं अन्य विभागों के लिए संवेदनशील सामग्री एवं उपकरण का निर्माण करते हैं। इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इनमें कार्यरत कर्मचारियों का पूर्व चरित्र सत्यापन तथा इन उद्योगों में काम करने वाले अस्थाई एवं संविदा पर कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का विवरण होना सुरक्षा के लिहाज से अति आवश्यक है, को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने इस सभी उद्योगों को जितने भी ठेके के एवं आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम करने वाले ठेकेदारों को अपने कामगारों की जानकारी जिला विशेष शाखा दुर्ग को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। ताकि उनका चरित्र सत्यापन एवं वेरिफिकेशन कराया जा सके।

### विशेष शाखा में देनी होगी सूचना

कलेक्टर ने दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के लिए पारित आदेश के अनुसार सभी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक अपने संस्था में कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों की सूचना, पहचान संबंधी जानकारी, मूल पते की जानकारी अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। कोई भी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, एजेंसी के संचालक पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 भिलाई जिला दुर्ग को प्रस्तुत करेंगे। सभी कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों का नाम, पता, मोबाईल नंबर, पहचान क्रमांक, नियुक्ति की तिथि, पदनाम, विभाग, कार्य की प्रकृति सभी उद्योग अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे तथा जिला विशेष शाखा दुर्ग को दी गई सूचना में इसका उल्लेख अनिवार्यतः करेंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा, यह आदेश 1 जून 2025 से 2 माह की अवधि के लिए प्रभावशाली होगा।

# केलाबाड़ी वार्ड में 21 लोगों के कब्जे पर चली जेसीबी



**दुर्ग।** शहर के केलावाडी वार्ड में निगम प्रशासन द्वारा दो दर्जन से अधिक लोगों के घरो के सामने अवैध तरीके से बने सीढियों पर जेसीबी चलाई गई। नगर निगम का अतिक्रमण अमले के इस कार्यवाही से वार्ड में हडकंप की स्थिति निर्मित रही।

सोमवार को अतिक्रमण अमले द्वारा केलाबाड़ी देवांगन किराना स्टोर्स से लेकर गायकवाड गली तक घर के बाहर सड़क सीमा से अधिक 21 लोगो के सीढियों को तोड़कर अभियान चलाकर गालियों को अतिक्रमण मुक्त किया। केलाबाड़ी में कार्रवाही के दौरान मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन, उपअभियंता उमयंती ठाकुर, अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के अलावा पद्मनाभपुर थाना पुलिस बल मौजूद रहें। सीढ़ियों को हटाने की कार्यवाही के दौरान हिदायत दी गई। उल्लेखनीय है कि, निगमायुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर नगर के मोहल्ले,गलियो सहित मुख्य एवं सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित अतिक्रमण को

## कार्यशाला : हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएण्डआईटी विभाग के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख समीर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक थे। महाप्रबंधक व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी संदीप झा ने विभागीय प्रतिवेदन में विभागीय गतिविधियों की जानकार दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी को प्रोत्साहन तथा कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारा राष्ट्रीय दायित्व है, इसके लिए विभाग में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक नीना जायसवाल, सुमिता डे, अरुण कोटनीस, अजय सचदेव, त्रिवेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार गौतम, सर्वाणी दास, शिवानी जत्रेले, मंजू जेकब, उप महाप्रबंधक निधि चन्द्राकर, सुश्री दीपमाला, सहायक महाप्रबंधकगण जितेन्द्र मीणा, सुश्री नम्रता ज़ेफ्रिन, रितेश अवधिया, तेजकरन सिंह हंस, वरिष्ठ प्रबंधकगण आदित्य दुबे, मोहम्मद सलीम कुरैशी, शादमा खान, सरिता सहारे, सहायक प्रबंधक सुजाता पाटिल, कनिष्ठ प्रबंधक विक्रम सिंह यादव, जूनियर इंजीनियर सौमित्र विश्वास, सुकला सिंह आदि उपस्थित थे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी, ने ऑनलाइन वोइस टाइपिंग प्रदर्शन किया । हिंदी भाषा में प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके विजेता रहे :- प्रथम- जूनियर इंजीनियर राजीव सिंघई, द्वितीय- वरिष्ठ प्रबंधक इरफ़ान सिद्दीकी और तृतीय- महाप्रबंधक त्रिवेंद्र कुमार।

# ड्राइवरों का अल्टीमेटमः शीघ्र करें शराबबंदी वरना छोड़ देंगे स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बीते कुछ वर्षों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने आज कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया है। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा कहा गया है कि उक्त मांगे आगामी 1 अक्टूबर तक पूर्ण नहीं किया जाता है तो 25 अक्टूबर से 05 नवंबर तक 11 दिवसीय स्टेरिंग छोड़ अभियान चलाया जाएगा।



### वेलफेयर बोर्ड बनाने की मांग

ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं। वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु कठोर कानून एवं वाहन चालक के आर्थिक संरचना हेतु चालक वेलफेयर बोर्ड का गठन करने मांग की है।

### सड़क पर दुर्व्यवहार

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा है कि वाहन चालकों को जागरूक करके यातायात नियमों के अधीन रहकर वाहन चलाने के लिए संगठन द्वारा प्रेरित किया जाता है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर वाहन चालकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट जैसी कई घटनाएं हो रही है। जिसका मुख्य कारण शराब है। जिससे वाहन चालक परेशान हैं। शराबबंदी से अन्य लोगों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटना भी नहीं होगी।

बीते कुछ समय से अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते हुए समय-समय पर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते नशे के मामले को देखते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। इसके अलावा अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वाहन चालकों के लिए ड्राईवर आयोग एवं ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करने की मांग दोहराई है।

ड्राइवरों का किया समर्थन- वाहन चालकों की मांग का समर्थन करने पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि वाहन चालक अपने आंदोलन के माध्यम से 21 अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को रख चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# कृषकों ने मुआवजा राशि दिलाने जनदर्शन में की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 121 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम सांकरा के प्रगतिशील कृषकों ने क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान करने आवेदन दिया।



एक मई को जिले में आये आंधीतुफान से फसल, केला, कटहल, पॉलीहाउस को नुकसान हो गया। जिसका मौका जांच हल्का पटवारी व उद्यानिकी विभाग की टीम द्वारा किया गया था। किंतु रिपोर्ट तहसीलदार पाटन को नही सौंपा गया है। कृषकों ने आरबी 6-4 के तहत फसल क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र दिलाने की मांग की। ग्राम बड़े पुरदा, तहसील बोरी निवासी ने बताया कि, उनकी 6 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बेटी का इलाज पिछले 4 वर्षों से एम्स रायपुर में चल रहा है। पूर्व में चिरायु, संजीवनी योजना के अंतर्गत शासकीय वाहन की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब वह बंद हो गई है। जुनवानी निवासी ने गंदे पानी के निकासी के लिए नाली निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया। जुनवानी शीतला तालाब में घरों से निकलने वाले गंदा पानी तालाब में जा रहा है, जिससे तालाब का पानी दूषित हो रहा है। साथ ही जुनवानी शीतला तालाब के किनारे कुछ लोगों ने अवैध कब्जा भी कर लिया गया है। इस पर नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में सभी नगर निगम अधिकारी, खाद्य विभाग सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# ओए ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई महीने में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर आयोजित हुआ। में किया गया। समारोह मे सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।




कार्यक्रम में सीजीएम अनिल कुमार जोशी, जीएम (माइंस) एसपी मंडावी, एडिश्नल सीएमओ डॉ. शाईला जेकब, एस बलराज, जीएम जॉनी कुट्टी टी, सुंदर मोहन सरदार, अंजन चटर्जी, डीजीएम डॉ. निरंजन साहू, डिप्टी सीएमओ जयश्री मोहंती, सीनियर डिप्टी डायरेक्टर अनिल कुमार सिंह, एजीएम युगल किशोर ढोके, रामअवतार मारकंडे, शादाब आलम खान, सीनियर मैनेजर डॉ. गणेश के मंतापुरवर, स्पेशलिस्ट गीता पिल्लई, सीनियर मैनेजर कामता सिंह, सुदर्शन लाल तामुरकर, मैनेजर गुहाराम उके, आनंद कुमार वर्मा, एस मनोज कुमार का सम्मान किया गया। सभी को श्री बंछोर ने पौधे व सम्मान राशि भेंटकर सम्मानित किया। पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित किया। स

`वानिवृत्तों ने अपने सेवा काल के अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया। श्री बंछोर ने उद्बबोदन में सेवानिवृत्ति अधिकारियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि बीएसपी द्वारा जो उपलब्धियां हासिल की थी उनको को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। कार्यक्रम में परविंदर सिंह आभार प्रदर्शन व संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि प्रदीप मेनन, निखिल पेठे, विजय कुमार देशमुख, मिलिंद कुमार बंसोड़, डीपीएस बरार, एमआरए शरीफ, बीएस मान, शैलेश कुमार मालवीय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।

## पांच लाख रुपए से देवबलौदा में भवन का संधारण

**भिलाई।** भवन संधारण के लिए पांच लाख रुपए का विकास कार्यो का भूमिपूजन देवबलोदा में पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने किया है। इस दौरान रविवार को मिडिल स्कूल देवबलोदा में भवन संधारण (मरम्मत) कार्य के लिए और स्कूल ग्राउंड में चेकर पत्थर लगाने नारियल फोड़ भूमिपूजन किया गया। पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने कहा कि जनता के सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लंबे समय समय से उक्त भवन जर्जर पड़ा हुआ था। जिसके संधारण के लिए प्रयासरत थी। भूमिपूजन में प्रदेशा सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम कुमार सूर्यवंशी ,शिवकुमारी यादव, विशाल चंद्राकर और स्कूली शिक्षक, शिक्षिकाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने किया नाली का भूमिपूजन

**गंडई पंडरिया।** वार्ड 13 टिकरीपारा में नदी किनारे नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन पार्षद सावंत देवांगन ने श्रीफल फोड़कर किया। वार्ड 13 में 15 वे वित्त से 2 लाख 5 हजार की स्वीकृति नाली निर्माण के लिए मिली है। नाली निर्माण सरजू निषाद के घर से नदी तक किया जाएगा। नाली बनने से वार्डवासियों को आने जाने में दिक्कतें कम होगी साथ ही नाली का गंदा पानी नदी में नहाने के स्थान पर नही जाएगा। इस दौरान पार्षद यतीश कुंजाम, पूर्व पार्षद छोटेलाल मरकाम, महेंद्र कश्यप, गजेंद्र पटेल, ठेकेदार संजय यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण

**एलबी नगर।** तहसील सतनामी सेवा समिति लाल बहादुर नगर का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहेर ने की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संतोष लहरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह एवं हीरा सोनी शामिल हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष विष्णु ल डहरे, उपाध्यक्ष मुरलीराम बंजारे, कोषाध्यक्ष भगतराम बंजारे, सचिव रामदयाल जोशी, उप सचिव पुनीतराम बंजारे, महामंत्री नेमू नारंग, महंत दुखहरण लहरे, संरक्षक छोटुलाल टंडन, गंगाराम जोशी, कार्यकारिणी ,, विजय कोसरे, गैंदालाल बंजारे, दीपक पाटिला, अयोध्या नवरंगे, मनसा लहरे, नंदुराम बंजारे, धनेश्वर चंदेल, बृजलाल बघेल, इतवारी भारती, कुंभराज नेवरे यशवंत टंडन को शपथ दिलाया गया।

### शराब पीने की सुविधा मुहैया कराने वाली गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने नेवासपुर में शराबियों को पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से शराब के खाली पौवे, डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच जब्त किया गया है। पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नेवासपुर की फेकनबाई अपने ठेले पर लोगों को शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करा रही है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम को सूचना सही मिली। पुलिस के पहुंचने पर शराबी भाग निकले, लेकिन ठेले वाली फेकन बाई को शराब पिलाते हुए पकड़ लिया गया। फेकनबाई पति स्व मकसूदन बारले के पास से 1 नग शोले देशी प्लेन शराब का पौवा, 2 नग शोले देशी प्लेन शराब की खाली शीशी, 4 नग गंधयुक्त डिस्पोजल गिलास और 4 नग पानी पाउच मिले।

### अपनों को बांट दिया जमीन

**डोंगरगढ़।** ग्राम मुढ़िया में सरकारी ज़मीन को पूर्व सरपंच द्वारा अपने करीबी और संपन्न लोगों को आबंटित करने का मामला सामने आया है। आबंटन की पूरी प्रक्रिया पंचायत स्तर पर ही कर लिया गया। जिस जमीन को भूमिहीन और गरीब परिवारों को देना था, से गाड़ी, मकान और कृषि भूमि वाले लोगों को बांट दिया गया है। तत्कालीन सरपंच और सचिव ने सांठगांठ कर जरूरतमंदों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। आबंटित भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण होने पर ग्रामीणों को अनियमितता का आभास हुआ।

## उपलब्धि : सामुदायिक भागीदारी और नवाचार से जल सहेजने का बना मॉडल

# जल संरक्षण में देश में तीसरे स्थान पर बालोद जिला 'जल जतन अभियान' से मिली बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में जल जतन अभियान अंतर्गत समाज के सभी वर्गों के सहभागिता से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के फलस्वरूप जल संचय–जनभागीदारी के कार्य में बालोद जिला पूरे देश में तीसरा स्थान पर है। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में कैच द रेन अभियान के तहत बारिश के बूँदों को सहजने के लिए तालाब, कूप, सोकपिट, गड्ढा निर्माण, रैन वाटर हार्वेस्टिंग आदि महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के फलस्वरूप बालोद जिले को यह उपलब्धि प्राप्त हुआ है।

- 1 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण, ग्रामीणों की भूमिका रही अहम

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं जल शक्ति मंत्रलय की सचिव देवाश्री मुखर्जी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग लेकर जल संचय–जनभागीदारी के तहत बेहतर कार्य करने वाले पूरे देश के 34 जिलों के अधिकारियों की बैठक लेकर अपने–अपने जिलों में इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री एवं केन्द्रीय सचिव ने बालोद जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरी–भूरी सराहना की। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वर्चुअल बैठक में शामिल होकर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में सामुदायिक भागीदारी से जल संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री एवं केन्द्रीय सचिव ने बालोद जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेजेंटेशन की मुक्तकंठ से सराहना की। वर्चुअल बैठक के दौरान संबंधित जिलों के कलेक्टरों के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने दी भूजल सर्वेक्षण रिपोर्ट पर जानकारी:** इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए वर्ष 2023–24 के भूजल सर्वेक्षण रिपोर्ट की भी जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि इसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड को सेफ जोन, गुण्डरदेही एवं बालोद विकासखण्ड को सेमी क्रिटीकल जोन तथा गुरूर विकासखण्ड को क्रिटीकल जोन में रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण, जन जागरूकता अभियान तथा फसल चक्र परिवर्तन के अलावा सघन पौधरोपण भी किया जा रहा है। श्रीमती मिश्रा ने पानी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बालोद जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 01 लाख 06 हजार 677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही पूर्व निर्मित 30 हजार 849 जल स्त्रेतों में सामूहिक श्रम के माध्यम से मरम्मत एवं साफ सफाई की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायतों के माध्यम से जल भराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर नवीन जल स्त्रेतों का निर्माण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। वन क्षेत्र में जल संरचनाओं के साथ मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य अंतर्गत 03 लाख 88 हजार पौधरोपण किया गया। जिले में इस अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा एवं निजी राशि से 27 हजार से अधिक घरों में सोकपिट संरचना का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जिले में 01 लाख 09 हजार 0273 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 140 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। जिले में 01 हजार 944 सामुदायिक तालाब, 06 हजार 160 निजी डबरी/तालाब निर्माण किया गया है। जिले में 399 मिनी परकुलेशन टैंक, 06 हजार 614 लूज बोल्डर चौक डेम, 672 नदियों का पुनरूद्धार किया गया है। जिले में 69 स्टॉप डेम, 316 गेबियन चेक डेम, 423 कुंआ का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 44 हजार 49 वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है।

### फसल चक्र परिवर्तन पर भी दी गई जानकारी

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले फसल चक्र परिवर्तन अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के गुरूर विकासखण्ड में 36 ग्रामों में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे को शून्य कर शत–प्रतिशत दलहन–तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 5733 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन–तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार किया गया। जिले में कुल 7833 कृषकों को अभियान के माध्यम से जोड़ा गया है। जिले में कुल 491 कृषक चौपाल का आयोजन किया गया है। जिले में जन जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुल 436 जल वाहिनी समिति तथा जल जतन समिति का गठन किया गया है। जल के उपयोग/संचय के तरीके के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा एवं लघु फिल्म की प्रस्तुति के माध्यम से जल संचय के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल, महाविद्यालय, एनसीसी, एनएसएस स्तर के विद्यार्थियों को जलमित्र के रूप में भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है।

### केन्द्रीय जल शक्ति ने की सराहना

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 01 लाख 06 हजार 677 जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके फलस्वरूप जिले में कुल 7442 हेक्टेयर भूमि अन्य फसल में परिवर्तित होने से 65–70 प्रतिशत भूमिगत जल की अनुमानित बचत हुई। अभियान के माध्यम से किये गए प्रयासों से जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जन सामान्य के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री एवं केन्द्रीय सचिव ने बालोद जिले में जल संरक्षण अभियान के तहत किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए सभी के लिए अनुकरणीय बताया।

## गुण्डरदेही में निकली नशा मुक्ति रैली 'नशेड़ी लाल' का हुआ पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्लाक गुण्डरदेही के तत्वावधान में व्यक्तीत्व निर्माण शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को नशा के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई जो साहू सदन से होकर धमतरी चौक जनपद पंचायत चौक से होते हूए बस स्टैंड फिर बाजार स्थल पहुंचकर जहां पर नशेड़ी लाल का पुतला दहन किया गया।

- गायत्री परिवार के नेतृत्व में युवाओं ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प
- नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

रैली मे नशा न करने का संकल्प लिया गया। रैली के दौरान नुक्कड़ नाटक नशा मुक्ति गीत एवं नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया लोगों को नशीले पदार्थों से दुर रहने, बच्चों को नशा से बचाने, नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गायत्री परिवार बालोद के नशा मुक्तभारत एवं कुरीती उन्मुलन प्रभारी विमल साहू, ब्लाक संयोजक गुण्डरदेही चंद्रिका प्रसाद चद्राकर, युवा प्रकोष्ठ गोपाल साहू, डीलेश्वर साहू, शांति कुंज प्रतिनिधि मिलन सिन्हा, मोहपत साहू, जवाहर साहू, सोमन साहू, ओमप्रकाश साहू, टेकराम साहू, देवी देशमुख, महिला प्रकोष्ठ शांता साहू सहित रैली मे गायत्री परिवार के सदस्य व युवक युवती शामिल हुए।

## कुरदी में मोर पानी महाअभियान के तहत हुआ जल शपथ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत आयोजित सुशासन तिहार ग्राम कुरदी में जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर के द्वारा जल शपथ दिलाया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख के साथ क्षेत्र के ग्रामीण एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके द्वारा साथ ही आह्वान किया गया है, कि इस वर्ष वर्षा के जल को संरक्षित करने हेतु सभी ग्रामीण संकल्पीत होंगे एवं कम से कम एक पेड़ मां के नाम जरूर लगायेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं अन्य जन प्रतिनिधी उपस्थित थे।

### मोर गांव मोर पानी महाअभियान पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला



**बालोद/गुण्डरदेही।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत कचान्दूर क्लस्टर अंतर्गत कुल 34 ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का मोर गांव, मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका संर्वधन हेतु जनप्रतिनिधि, समुदाय एवं विभाग का संगम विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें गुड गर्वेनेन्स, महाअभियान अंतर्गत जल सरंक्षण जन जागरूकता अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण संस्कार महिला संकुल स्तरीय संगठन भाटागांव आर, कचान्दूर क्लस्टर में आयोजित की गई थी।

### लोटस, बप्पा व गोविंदा पैनल में 202 म्यूल अकाउंट, 12 और गिरफ्तार, 69 पकड़े जा चुके

**भिलाई।** पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ धारा 317 (2), 317(4), 318(4), 61 (2), (ए) बीएनएस के कार्रवाई कार्रवाई की है। सोमवार को वैशाली नगर पुलिस ने म्यूल खातों के मामले में 12 और आरोपियों को गिरफ्तार किया। रात में गिरफ्तारी के दौरान थाने में हंगामा भी हुआ। पकड़े गए आरोपियों में राजगीर बिहार का नीतीश कुमार, वैशालीनगर का ओमप्रकाश केशवानी, स्टील नगर कैम्प 1 का पी जय कुमार, बी मोहन राव, नेहरू चौक छावनी का नीतेश प्रताप सिंह, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला का मनमीत सिंह, इंदिरा नगर सुपेला का गोपाल निर्मलकर, वैशाली नगर का सचिन खोबरागड़े, वैशाली नगर का गगनदीप सिंह, 18 नंबर का बी कार्तिक, नेहरू भवन रोड सुपेला का सूरज कुमार कुशे और अर्जुन नगर का भीखम साहू शामिल हैं। आरोपी के पास से पुलिस ने थार वाहन बीआर 01 एचएच 9046, नितीश से निखिल का पासबुक, तीन लैपटॉप, तीन मोबाइल, 9 एटीएम, आठ पासपोर्ट, दो चेकबुक जब्त किया है।

## दिवंगतों को सद्गति दिलाने वाले सेवादार भी महफूज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



इंसान के मरने के बाद सद्गति दिलाने वाला मुक्तिधाम भी यदि अराजकता और अपराधियों का अड्डा बन जाए और इस पुण्य कार्य में मदद करने वाले मजदूर भी सुरक्षित न रहें तो फिर दिवंगतों के अंतिम संस्कार कहां होंगे और इसमें सहायता कौन करेगा।

भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम के इसी तरह विकट अराजक समस्या की चपेट में होने की कीमत यहां काम करने वाले भिलाई ननि के ठेका सफाई कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। इन मजदूरों के साथ आए दिन असामाजिक व आपराधिक तत्वों द्वारा मारपीट किए जाने की वारदातें बढ़ रही हैं और पुलिस तथा निगम प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। सोमवार को फिर तीन युवकों द्वारा झाड़ लगा रहे एक सफाई मजदूर से मारपीट कर सिर फोड़ देने से घबराए गुस्सा, मुक्तिधाम के ठेका मजदूरों ने दो तीन घंटे तक काम बंद कर पुलिस थाना में सुरक्षा की मांग कर शिकायत दर्ज कराया । महापौर, निगम कमिश्नर और विधायक से मुक्तिधाम को अराजकत तत्वों से मुक्ति दिलवाने की गुहार की। शहर के सबसे बड़े और मध्य में स्थित रामनगर मुक्तिधाम में रोज करीब पंद्रह दिवंगतों के अंतिम संस्कार होते हैं। चिता में लकड़ियां व कंडे आदि सजाने और शोकाकुलों के कार्य में हाथ बंटाने से लेकर मुक्तिधाम की सफाई आदि महती कार्यों के लिए यहां नगर निगम द्वारा आठ दस ठेका कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह गरीब मजदूर अल्प वेतन में दिनभर पसीना बहाते हुए पूरी सक्रियता से अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ अरसे से इस मुक्तिधाम के अराजक और आपराधिक तत्वों की अराजक गतिविधियों का अड्डा बनने से मजदूरों व शोकाकुलों के लिए भी असुरक्षित बनता जा रहा है।

## चार दोस्त पिकनिक मनाने मरोदा डेम पहुंचे, दो पानी में उतरे, डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार की शाम शहर को गमगीन करने वाली खबर सामने आई। दो युवकों की मरोदा डेम में डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में एक पावर हाउस निवासी शाहिल (25 वर्ष) और दूसरा शिक्षित नगर निवासी जुनैद (25 वर्ष) बताया गया है। दोनों अपने दो अन्य दोस्त फैजल और अविनाश के साथ पिकनिक मनाने के लिए मरोदा डैम पहुंचे थे।

- मरने वालों में एक पावर हाउस और दूसरा शिक्षित नगर का रहने वाला

इस दौरान मृतक शाहिर और जुनैद पानी में उतर गए। गहराई का अंदाजा नहीं होने की वजह से वह डैम में थोड़ा आगे बढ़ गई। इस दौरान वे डूबने लगे। दो अन्य दोस्तों अविनाश और फैजल ने आसपास के लोगों से मदद मांगी। गोताखोरों को बुलाया गया, शाहिल और जुनैद को जब तक बाहर निकाला जाता, उनकी डूबने से मौत हो गई थी। सूचना पर नेवई पुलिस भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमाट्र्म के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की विवेचना की जा रही है।

## वैशाली नगर थाने के पास ग्राउंड के किनारे पर कर रखा था अतिक्रमण

# नोटिस के बाद भी नहीं हटाया कब्जा, निगम ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं होने वाले 7 कब्जेधारियों के खिलाफ निगम ने सोमवार को कार्रवाई की। जेसीबी की मदद से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटाया गया। इन कब्जेधारियों को पहले नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने अपना कब्जा नहीं हटाया। वैशाली नगर क्षेत्र के शांति नगर में नया पुलिस थाना बनाया जा रहा है। इसके चारों तरफ बाउंड्रीवालों का निर्माण किया जाना है। आधे क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल का निर्माण हो गया है। थाने से लगे हुए मंदिर के समीप से लाइन से प्रस्तावित सड़क के ऊपर अवैध कब्जा किया गया था। जमीन नजूल की है। उस क्षेत्र का सीमांकन कर निगम ने नियमतः कार्रवाई की। कब्जाधारी देवेंद्र कुमार ने अवैध कमरा बना कर रखा था।उसने शबनम बानो को किराए पर दिया था। इस दौरान कब्जेधारियों के साथ कहासुनी भी हुई। पुलिस शबनम बानो एवं एक पुरुष को पकड़कर थाने ले गए। एक अन्य कब्जेधारी का भी कब्जा हटाया गया। इस दौरान अरविंद शर्मा, शरद दुबे, अनिल मिश्रा, श्वेता वर्मा, हरिओम गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### इधर कोहका में नाले के ऊपर अतिक्रमण, बारिश के दिनों में निचली बस्तियों में भरेगा पानी, निगम के सर्वे में खुलासा

कोहका क्षेत्र में नाले के ऊपर अतिक्रमण है। निगम के सर्वे में इसका खुलासा हुआ है। कोहका क्षेत्र के साकेत नगर, कृष्ण ग्रैंड सिटी, आर्य नगर, शुभम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बड़े-बड़े मकान बन गए हैं। लेकिन सीवरेज, पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने से दिक्कत बढ़ गई है। बारिश के दिनों में इस वजह से निचली बस्तियों में पानी भरने की आशंका बढ़ गई है। इसके कारण सड़क, नाली, पानी निकासी प्रभावित हो रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने बताया कि नाली बनाने के लिए बहुत सारे मकान तोड़ने पड़ेंगे। आड़ी-तिरछी नाली बनाने से पानी का बहाव बराबर नहीं होगा। हाउसिंग फ्लैट, डुप्लेक्स मकान, कृष्ण ग्रैंड सिटी, स्वयं द्वारा मकान लोग बना लिए हैं। इस क्षेत्र में लगभग 8000 से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। अंदर ही अंदर नए-नए मकान भी बना रहे हैं। इससे दिक्कत बढ़ गई है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने तत्काल इस समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## पेज 9 के शेष

### विधायक संगीता सिन्हा का ...

है जिससे साफ समझा जा सकता है कि देख रेख व रख रखाव के साथ धान के स्टेक को सही ढंग से ढकने का काम नही किया गया, जिसके कारण धान के स्टेक के ऊपरी भागो मे अंकुरण आ गया है जो वर्तमान मे पौधो का रूप ले चुका है।

### बालोद में शिक्षकों की ...

उन्हें शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक एवं अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण पूरे कांउसलिंग प्रक्रिया के दौरान मौके पर उपस्थित रहकर कार्यों का सतत मॉनिटरिंग करते रहे।

### डौंडीलोहारा की दो ...

मसा के मुखारविंद से दोनों ही मुमुक्षु बहनों के साथ तीन अन्य भाई व बहनों के दीक्षा सम्पन्न होंगे।विधिवत मुंडन व वस्त्र परिवर्तन होगा।इस अवसर पर पारिवारिक जनों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहेंगे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

